EMA INDIA LIMITED
CIN:L27201UP1971PLC003408
Mfrs. of Induction
Heating and Honing
Machines & Accessories

**16th November,2025**

**To,**
**BSE Limited**
Phiroze Jeejeebhoy Towers,
Dalal Street, Mumbai-400001

**Sub: Newspaper Advertisement – Disclosure under Regulation 30 and Regulation 47 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 ("SEBI Listing Regulations")**
**Re: EMA India Limited Ref: Scrip code: 522027**

Dear Sir / Madam,

Pursuant to Regulations 30 and 47 of the Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 we hereby enclose copies of newspaper advertisement published regarding extract of the Unaudited Standalone Financial Results for the quarter and half year ended September 30, 2025, in the following newspapers:

1. **Financial Express** (English Edition)
2. **Rashtriya Sahara** (Hindi Edition)

The advertisement also includes a Quick Response code to access complete financial results for the said period.

The above information is also available on the website of the Company i.e. www.eiltd.info.com

Kindly take the same on your records.

Thanking you,
Yours faithfully,

For **EMA INDIA LIMITED**

SHRUTI SHARMA
Digitally signed by SHRUTI SHARMA
Date: 2025.11.16 15:32:25 +05'30'

**Shruti Sharma**
**Company Secretary and Compliance Officer**
**Membership No.: A75000**

*Encl: As Above*

Regd. Office & Postal Address
*EMA INDIA LTD.*
502, Gopala Chambers,
14/123, Parade, Kanpur-208 001
Uttar Pradesh INDIA
Tel. : +91-9453153780
E-mail : emaindia.cs@gmail.com

श्री गुरु नानक देव जी का जीवन और संदेश शाश्वत ज्ञान के साथ मानवता का मार्गदर्शन करते रहेंगे। करुणा, समानता, विनम्रता और सेवा की उनकी शिक्षाएं अत्यंत प्रेरणादायक हैं।

——— नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

## संक्षिप्त खबर

### अजगर को बेर हमी से युवक ने चाकू से काट डाला, वीडियो वायरल

**कानपुर।** पनकी थाना क्षेत्र के पनका गांव में एक युवक द्वारा अजगर को चाकू से काटने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस हरकत में आ गई है। वायरल वीडियो में युवक सड़क पर पड़े अजगर को पहले पैरों से दबाते और बाद में चाकू से कई वार करते हुए दिखाई दे रहा है। घटना को लेकर स्थानीय लोगों में नाराज़गी व्याप्त है। सोशल मीडिया पर वीडियो सामने आने के बाद थाना पनकी पुलिस ने तत्काल पड़ताल शुरू की। जांच के दौरान आरोपी की पहचान बृजेश (उम्र लगभग 40 वर्ष), निवासी पनका बहादुर नगर के रूप में की गई है। पुलिस के मुताबिक आरोपी घटना के बाद से फरार है। उसकी गिरफ्तारी के लिए दबिशें दी जा रही है। स्थानीय ग्रामीणों ने घटना को अमानवीय बताते हुए आरोपी पर कठोर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि मामले में संबंधित धाराओं में कार्रवाई की जा रही है और आरोपी को शीघ्र ही गिरफ्तार किया जाएगा। **(एसएनबी)**

# युवती से छेड़खानी के विरोध पर पिता को शोहदों ने मरणासन्न किया

■ **सहारा न्यूज ब्यूरो**

**कानपुर।**

**कर्नलगंज में शोहदे की हरकत से युवती ने घर से निकलना छोड़ दिया**

कर्नलगंज में शोहदे की हरकत से खौफजदा युवती ने घर से निकला छोड़ दिया। धमकी भरे कॉल के साथ दिन दहाड़े परिजनों को धमकाया जा रहा है। परिजनों ने विरोध किया तो शोहदों ने युवती के पिता पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल युवती के पिता को परिजनों ने उर्सला अस्पताल में भर्ती कराया है।

कर्नलगंज थानाक्षेत्र निवासी महिला ने बताया कि पड़ोस में रहने वाले दो भाई लंबे समय से स्कूल आने-जाने के दौरान बेटी से छेड़छाड़ कर रहे थे। बेटी ने बताया था कि स्कूल से आते-जाते समय दोनों भाई छींटाकशी करते हैं। वह धमकी देते हैं कि किसी दिन इज्जत तार तार कर देंगे। विरोध करने पर गालियां देते है। शोहदों से दहशतजदा होकर बेटी ने घर से निकलना कम कर दिया। पीड़िता ने बताया कि शनिवार सुबह पिता के मोबाइल पर एक कॉल आया। कॉल करने वालों ने घर छोड़ भाग जाने की धमकी दी। पिता के विरोध करने पर उन्हें बेटी संग रेप करने की धमकी दी गयी।

पिता ने इसका विरोध किया तो थोड़ी देर बाद आरोपी उसके घर में घुस आए और उसे घर के बाहर खींचने लगे। विरोध करने पर शोहदों ने पिता पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया। सिर पर लोहे की राड से प्रहार किये जाने से पिता का सिर फट गया और वह खून से सराबोर हो गये, जिसके बाद हमलावर फरार हो गए। पड़ोसियों की मदद से पिता को उर्सला अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर कार्रवाई करने की बात कही है।

## डॉग शो में 42 नस्लों के 228 श्वानों ने भाग लिया

**कानपुर (एसएनबी)।** नगर निगम और कानपुर कैनेल वेलफेयर एसोसिएशन ने शनिवार को मोतीझील लॉन में ऑल इंडिया ऑल ब्रीड्स चैम्पियनशिप डॉग शो का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्घाटन महापौर प्रमिला पाण्डेय द्वारा किया गया। इस डॉग शो में सम्पूर्ण भारत वर्ष से शुद्ध ब्रीड्स के 42 नस्लों के 228 श्वानों ने भाग लिया। ये सभी श्वान प्रशिक्षित एवं उच्च गुणवत्ता के थे जिन्हें सभ्य समाज के बीच रहने की विशेष ट्रेनिंग दी गई है।

नगर निगम द्वारा शहर के समस्त देसी-विदेशी श्वानों को फ्री एंटी रैबीज वैक्सीनेशन एवं फ्री हेल्थ चेकअप की व्यवस्था की गई थी। इस अवसर पर 126 श्वानों का मुफ्त टीकाकरण किया गया एवं 92 श्वानों का कानपुर नगर निगम द्वारा पंजीकरण किया गया। जिन पालतू श्वानों का पंजीकरण हुआ उनके स्वामियों को श्वानों के लिये फ्री गिफ्ट पैकेट्स प्रदान किये गये। नगर निगम द्वारा शहर के निराश्रित आवारा श्वानों को सर्दी से बचाव के लिये स्वयंसेवी संस्थाओं के माध्यम से मुफ्त गद्दे भी वितरित किए गये।

श्वानों की इन नस्लों ने भाग लिया। आस्ट्रेलियन शेफर्ड, जर्मन शेफर्ड (शार्ट हेयर्ड), जर्मन शेफर्ड (लांग हेयर्ड), वेल्श कोरगी पेमब्रोक, डाबरमैन, मिनिएचर पिंशर,केन कोसा, बॉक्सर, बुलडॉग, बुल मैस्टिफ, डोगो अर्जेंटिना, डोग्यू डी बार्डेक्स, ग्रेट डेन, मैस्टिफ, रॉटविार, प्रेसा कैनारियो, सेंट बर्नार्ड, स्पैनियल (इंग्लिश कॉकर), बिचन फ्राइस, माल्टीज, पूडल (टॉय), शिट्जू, कैवेलियर किंग चार्ल्स स्पैनियल, फ्रेंच बुलडॉग पग,ह्विपेट कारावन हाउंड अपने मालिकों के साथ उपस्थित रहे। कार्यक्रम में भाग लेने वाले विजेता श्वानों को महापौर ने पुरस्कृत किया गया।

### नशे से दूर रह पर्यावरण संरक्षण करें युवा

**कानपुर।** ब्रह्मदेव बाबा पार्क दबौली में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के विश्राम दिवस शनिवार को कथा व्यास आचार्य आलोक अग्निहोत्रीजी महाराज ने युवाओं को नशे से दूर रहने के साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुये कहा कि जब देश का युवा बुजुर्गों की बात को मानकर आगे बढ़ेगा तो निश्चित रूप से भारत का पुराना गौरव हमें पुनः प्राप्त होगा। सुदामा चरित्र की कथा में कहा कि भगवान श्री कृष्ण ने सुदामा के चावलों को इसलिए ग्रहण किया क्योंकि सुदामा का भाव निर्मल था वह भगवान श्री कृष्ण को ही अपना जीवन धन मानते थे। दत्तात्रेय जी के गुरुओं का वर्णन करते हुए बताया कि हमारे जीवन में गुरु का विशेष महत्व है हमें उस हर व्यक्ति को आदर्श मानना चाहिए जिससे कुछ हमें अच्छी शिक्षा प्राप्त हो। कथा के विश्राम दिवस पर विधायक सुरेंद्र मैथानी भागवत कथा स्थल पर पहुंचे औरआचार्य का आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम में विनोद मिश्र, पवन तिवारी, पार्षद वंदना गुंजन शर्मा, अभिषेक दीक्षित, राजू गुप्ता, प्रीति सिंह, दीपक श्रीवास्तव, अनिल गुप्ता आदि रहे।

### सप्तशक्ति संगम में देश की वीरांगनाओं की दिखी झलक

**शुक्लागंज।** शुक्लागंज क गोपीनाथ पुरम् के सरस्वती शिशु मंदिर में चल रहे सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम का शनिवार को भव्यता से समापन किया गया। इस दरम्यान विभिन्न क्षेत्रों से आयी करीब 200 मातृशक्तियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में देश की वीरांगनों के परिवेश में सजी माताओं ने नारी शक्ति का प्रर्दशन किया। प्रधानाचार्य दुर्गेश कुमार के मार्ग दर्शन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि कन्नौज ठठिया इंटर कालेज की प्रबंधिका वाणी ने दीप प्रज्जवलन के साथ कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस दरम्यान वाक्तओं ने आयी माताओं ने मृतभाषा में ही बोलने का प्रोत्साहन किया और कहा कि नारी का कर्तव्य परिवार जोड़ने के साथ समाज को सुशिक्षित व आदर्श बनाना होता है। कार्यक्रम में लक्ष्मीबाई, दुर्गावती, चेन्नमा, अर्धनारीश्वर आदि वीरांगनाओं की वेशभूषा में सजकर आयी माताओं ने शक्ति प्रर्दशन किया। कृष्णा तिवारी, शक्ति पांडेय, पूनम पांडेय, सुमन दीक्षित,सोनम कनौजिया को विशिष्ट माताओं के रूप में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में शिशु वाटिका प्रमुख आशा शुक्ला, गीतांजलि शुक्ला, रश्मि बाजपेयी, प्रेम शर्मा आदि शिक्षकगण मौजूद रहे।



सप्तशक्ति कार्यक्रम में सम्मानित हुईं मातृशक्तियां।

### परिषदीय ब्लाक स्तरीय खेलकूद में बच्चों ने जीते पुरस्कार

**शुक्लागंज।** सिकंदरपुर सिरोसी ब्लाक के तहत आने वाले परिषदीय स्कूलों की शनिवार को खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की गई। बच्चों ने दौड़, खोखो, कबड्डी में प्रतिभाग कर पुरस्कार जीते। आयोजित प्रतियोगिता का शुभारम्भ सदर विधायक पंकज गुप्ता ने किया। इसके बाद दौड़, कबड्डी, खोखो की प्रतियोगिता में कई परिषदीय विद्यालयों के बच्चों ने प्रतिभाग किया। 100 मीटर दौड़ में बालक जूनियर वर्ग में सरैयां के सर्वेश प्रथम, जूनियर बालिका में पतारी की सानिया प्रथम, 50 मीटर बालक में गंगौली के सनोज प्रथम, बालिका में पतारी की आशिकी प्रथम, कबड्डी में बालक और बालिका वर्ग में प्रा.वि. ऐराभदियार विजेता रहा। विधायक ने बीईओ जगदीश श्रीवास्तव, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी चांदनी सोनी के साथ विजेता बच्चों को पुरस्कृत किया। यहां आनंद यादव, नीरज कुमार, मनीष कुमार, अंकित बाजपेयी, प्रदीप दुबे, संदीप, राजेन्द्र कुमार, अजय कुमार, कपिल आदि शिक्षकगण मौजूद रहे।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाई बिरसा मुंडा की जयंती

**घाटमपुर।** तहसील क्षेत्र के ग्राम श्रीनगर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने भगवान बिरसा मुण्डा कि जयन्ती मनाई, इस अवसर पर रेउना मण्डल अध्यक्ष सौरभ कुशवाहा ने कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि भाजपा कानपुर ग्रामीण के जिला अध्यक्ष उपेन्द्र पासवान ने बिरसा मुण्डा के जीवन एवम संघर्षो पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बिरसा मुण्डा ने अपने जनजाति समाज के अधिकारों के लिए अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ आवाज उठाई, महज 25 वर्ष कि युवा अवस्था मे अपने प्राणो का बलिदान कर दिया। प्रमुख वेदव्रत सचान, संदीप बाजपेयी, सोनू तोमर, वीर सिंह, अरुणेन्द्र सिंह , फकीरे लाल आदि उपस्थित रहे।

### पानी भरने को लेकर हुआ विवाद, न्यायालय के आदेश पर दर्ज हुआ मुकदमा

**कानपुर।** रावतपुर में पानी भरने को लेकर हुआ मामूली विवाद छह माह बाद मुकदमा दर्ज हुआ। पीड़िता का आरोप है कि घटना के बाद लगातार शिकायतों के बावजूद पुलिस ने न तो रिपोर्ट लिखी और न ही मेडिकल कराया। अंततः अदालत में प्रार्थनापत्र देने पर न्यायालय के आदेश से रावतपुर थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है। रावतपुर थाना क्षेत्र के शारदा नगर निवासी महिला 14 मई 2025 को घर के बाहर पानी भर रही थी, तभी पड़ोस की शाहीन से कहासुनी हो गई। आरोप है कि कुछ ही देर में फिरोज और अरमान ने पहुंचकर मारपीट की, जिससे महिला की उंगली टूट गई। पीड़िता का कहना है कि पुलिस से गुहार लगाने के बाद भी कार्रवाई नहीं हुई। कई बार शिकायतें भेजने के बावजूद जब कोई सुनवाई नहीं हुई तो उन्होंने अदालत का दरवाजा खटखटाया। न्यायालय के निर्देश पर रावतपुर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### वृद्धा की नहर और वृद्ध की नाले में गिरकर मौत

**कानपुर।** शहर में अलग-अलग स्थानों पर हुई घटनाओं में वृद्धा और वृद्ध की मौत हो गई। घटनाएं पनकी और अर्मापुर थाना क्षेत्रों में हुई। पनकी में जहां वृद्धा की नहर में डूबने से मौत हो गयी, वहीं अर्मापुर में नाले में गिरने से वृद्ध ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिये हैं। फजलगंज थानाक्षेत्र के गड़रियनपुरवा सरेस बाग निवासी श्यामा देवी (79) के पति राजकुमार का कई साल पहले निधन हो चुका है। उमा और ज्योति सहित उनकी पांच बेटियां हैं सभी की शादी हो चुकी है। उनके नाती लकी ने बताया कि श्यामादेवी की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। शुक्रवार शाम वह घर से निकल गई लोगों ने पूछा तो बेटी के घर जाने की बात कही। इसके बाद शनिवार सुबह उनका शव पनकी नहर के पास पड़ा मिला। परिजन खोजबीन कर रहे थे तभी पुलिस ने उन्हें सूचना दी। वहीं अर्मापुर गुरु द्वारा में रहने वाले धीरेंद्र प्रसाद पांडेय (60) का शव अर्मापुर कैंपस नाले में पड़ा मिला। छोटे भाई सुधीर ने बताया कि धीरेन्द्र अविवाहित थे और गुरुद्वारा में ही रहकर सेवा करने के साथ वहां आने वाले लोगों की गाड़ियां लगवाते थे। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में दोनों की डूबने से मौत की पुष्टि हुई है।

### देवर की छेड़छाड़ और दहेज उत्पीड़न से तंग आकर महिला ने दर्ज कराया मुकदमा

**कानपुर।** पनकी थाना क्षेत्र की एक महिला ने ससुराल पक्ष पर छेड़छाड़, दहेज मांग, मारपीट और मानसिक उत्पीड़न के आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। रतनपुर स्थित शिवालिक अपार्टमेंट की रहने वाली पीड़िता के अनुसार देवर आए दिन उसके साथ छेड़छाड़ करता था। पति से शिकायत करने पर उसने भी मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि सास- ससुर, जेठ-जेठानी समेत परिजन लगातार दहेज की मांग करते रहे। कई बार शिकायत के बावजूद मामला दबता रहा, लेकिन बढ़ती प्रताड़ना से परेशान होकर महिला ने फिर पुलिस की शरण ली। तहरीर के आधार पर पुलिस ने पति सहित छह लोगों पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बच्चे से कुकर्म के दोषी को 20 साल कैद

**कानपुर।** गुजैनी में 10 साल के बच्चे से कुकर्म के मामले में विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट की कोर्ट ने दोषी को 20 साल कैद की सजा सुनाई। आलू लाने के बहाने युवक बच्चे को उसके घर से ले जाकर घटना को अंजाम दिया था। गुजैनी थानाक्षेत्र निवासी महिला के मुताबिक वह बर्रा गांव निवासी मनोज कहार की दुकान से अक्सर सब्जी लाती थी, जिस कारण उसकी जान पहचान मनोज से हो गई थी। महिला ने बताया कि उसके पैर में फ्रैक्चर होने के कारण 15 जनवरी 2023 को वह घर पर थी। रात करीब 9 बजे मनोज घर आया और आलू लाने की बात कहकर 10 साल के बेटे को साथ ले गया था। इसके बाद मेहरबान सिंह पुरवा में झाड़ियों में ले जाकर बेटे के साथ कुकर्म किया था। पीड़िता ने गुजैनी थाने में आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी। मामला विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट रविकरण सिंह की कोर्ट में ट्रायल पर था। अभियोजन की ओर से आठ गवाह पेश किए गए थे। कोर्ट ने आरोपी मनोज को दोषी करार देते हुए 20 साल कैद व 20 हजार जुर्माने की सजा सुनाई।

### वायरल कंजेक्टिवाइटिस का हमला तेज, टीक होने में 15 दिन लग रहे

**कानपुर।** मौसमी बदलाव व प्रदूषण के चलते वायरल कंजेक्टिवाइटिस का हमला तेज हो गया है। हैलट अस्पताल के नेत्ररोग विभाग की ओपीडी में इसके मरीजों की संख्या बढ़ गयी है। डॉक्टरों के मुताबिक बीमारी ठीक होने में 15 दिन लग रहे हैं। पहले बैक्टिरियल कंजेक्टिवाइटिस के मामले ज्यादा आते थे, जिसे ठीक होने में चार से पांच दिन लगते थे। नेत्ररोग विभाग की आई सर्जन डॉ. पारुल सिंह ने बताया कि कोरोना महामारी के बाद से लोगों की इम्युनिटी काफी प्रभावित हुई है। इससे वायरस जनित रोगों का संक्रमण बढ़ गया है। इस तरह आंखों में भी वायरल कंजेक्टिवाइटिस के मामले बढ़ गए हैं। इसे ठीक होने में ज्यादा समय लगता है। उनके मुताबिक पहले कंजेक्टिवाइटिस का संक्रमण बैक्टिरिया से होता था, जिसे ठीक होने में चार से पांच दिन लगते थे। अब वायरल कंजेक्टिवाइटिस ज्यादा परेशान कर रही है। एंटी वायरल आई ड्रॉप बाजार में उपलब्ध नही है। एंटीबायोटिक आई ड्रॉप प्रयोग की जाती है। मरीजों के पूरी तरह से ठीक होने में दो सप्ताह लग जाते हैं। इस बीमारी में आंखों में लालिमा, पानी आना, जलन, सूजन व दर्द जैसे लक्षण आते हैं। संक्रमण अगर पुतली तक पहुंच जाता है तो ठीक होने में और ज्यादा वक्त लगता है। ओपीडी में ऐसे मरीजों की संख्या दस प्रतिशत बढ़ गयी है। वातावरण में प्रदूषण बढ़ने से संक्रमण तेजी से फैल रहा है। डा. पारुल ने सलाह दी है कि लक्षण दिखने पर बिना सलाह कोई आई ड्रॉप प्रयोग न करें। इलाज के दौरान अपना तौलिया व अन्य कपड़े अलग रखें। एक से दूसरे में संक्रमण तेजी से फैलता है।

## विद्यालय परिसर में मिला कूड़ा, निस्तारण के दिए निर्देश

**कानपुर (एसएनबी)।** मुख्य विकास अधिकारी ने प्राथमिक विद्यालय गोरहा, ग्राम पंचायत बगदौदी बांगर का निरीक्षण किया। इस दौरान विद्यालय परिसर में कूड़ा मिलने पर उसके त्वरित निस्तारण के निर्देश सीडीओ ने दिए। इसके अलावा बिल्हौर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में आईं शिकायतों के भी समयबद्ध निस्तारण के निर्देश अधिकारियों को दिए। मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन ने विकासखंड कल्याणपुर के तहत ग्राम पंचायत बगदौदी बांगर के प्राथमिक विद्यालय गोरहा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय प्रधानाचार्य व सहायक अध्यापक उपस्थित थे। उपस्थिति रजिस्टर का अवलोकन करने पर मीरा सहायक अध्यापक मेडिकल अवकाश पर पाई गई। विद्यालय परिसर में कतिपय स्थानों पर कूड़े के ढेर का निस्तारण नही किया गया था, जिसका निस्तारण कराये जाने के निर्देश दिये गये।मिडन्डे मील में प्रयोग किये जा रहे आटे एवं मसाले की गुणवत्ता का परीक्षण किया गया। विद्यालय में कुल 65 बच्चे पंजीकृत हैं, जिसमें 54 उपस्थित पाए गए। वहीं, मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में बिल्हौर तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य विकास अधिकारी ने शिकायती पत्रों के निस्तारण के निर्देश दिये। विकास खण्ड परिसर में दिव्यांगजन एवं चिकित्सा विभाग द्वारा दिव्यंगता प्रमाण पत्र बनाये जाने को कैम्प का आयोजन किया गया। कैम्प में 28 दिव्यांगजनो के रजिस्ट्रेशन कराये गये एवं 16 प्रमाण पत्र मौके पर ही दिव्यांगजनों को मुख्य विकास अधिकारी द्वारा वितरण किये गये। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 184 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें पांच का मौके पर निस्तारण किया गया।

## प्रतियोगिता आयोजित कर विजेता बच्चों को बांटे उपहार

■ **सहारा न्यूज ब्यूरो**

**घाटमपुर।**

कस्बे के भदरस रोड स्थित मदरसा मौलाना आजाद मेमोरियल स्कूल में बाल दिवस के उपलक्ष्य में बच्चों के बीच निबंध लेखन एवं कला प्रतियोगिता आयोजित हुई जिसमें कक्षा-4 की खुद्दुशनुमा प्रथम स्थान पर रही। बच्चों ने रस्साखींच, बैलून पॉप, बॉल रेस, नेचर वॉक जैसी गतिविधियों का बढ़-चढ़ कर आनंद लिया।

विद्यालय की प्रबंधक मिस आलिया बेगम ने बच्चों को विभिन्न प्रतियोगिताओं के लिए पुरस्कार देकर मनोबल बढ़ाया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की प्रधानाचार्या मिस निदा फलक, समस्त टीचिंग और नॉन टीचिंग स्टाफ उपस्थित रहे। नन्हे मुन्ने बच्चों ने भी एक से एक मनमोहक चित्र बनाकर अतिथियों व अभिभावकों का दिल जीता, बच्चों ने निबंध व लेखन में भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया तथा अतिथियों को तारीफ व ताली बजाने के लिए बाध्य किया।

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड-2, लो.नि.वि., कानपुर नगर**

पत्रांकः 2810 / 9ए दिनांकः 11.11.2025

**विज्ञप्ति**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जनपद कानपुर नगर के विधानसभा क्षेत्र बिठूर के अन्तर्गत "बिधनू किसान नगर नहर पटरी मार्ग के किमी–12 से भैरमपुर–चन्द्रहंसपुर–ढहिया–पंचापुरवा–रमईपुर–कैंधा मार्ग के किमी–1 से 8 (250)" में चौडीकरण एवं सुदृढीकरण का कार्य प्रगति पर है, जिसमें चौडीकरण के कार्य हेतु राजस्व ग्राम भैरमपुर एवं सोना में निजी काश्तकारों की भूमि को आपसी समझौते से क्रय किये जाने की कार्यवाही प्रगति पर है। समस्त संबंधित काश्तकारों से अनुरोध है कि राजस्व विभाग एवं लोक निर्माण विभाग से संबंध स्थापित कर अपने–अपने दस्तावेज ससमय तैयार करवाना सुनिश्चित करें, जिससे भूमि के क्रय किये जाने का कार्य समयान्तर्गत कराया जा सके। अन्यथा की स्थिति में विभाग उत्तरदायी नहीं होगा।

उ.प्र.-240604 दिनांक : 15.11.2025 — **अधिशासी अभियन्ता**

वेबसाइट : www.up.gov.in — निर्माण खण्ड–2, लो.नि.वि., कानपुर नगर।

**कार्यालय ग्राम पंचायत लखनापुर, विकास खण्ड-भाग्यनगर, औरैया**

**पत्रांक :** मेमो/ ग्राम पंचायत-2025/15वां केंद्रीय वित्त आयोग/ पंचम राज्य वित्त **दिनांक :** 15.11.2025

**-: निविदा प्रकाशन :-**

विकास खंड भाग्यनगर की ग्राम पंचायत लखनापुर में निम्नलिखित कार्य करने हेतु अधोहस्ताक्षरी द्वारा दिनांक-21.11.2025 को अपराहन 02.00 बजे तक निविदायें आमंत्रित की जाती है और उसी दिन अपराहन 03.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय लखनापुर पर समस्त निविदाओं को खोला जाएगा। निविदा प्रपत्र दिनांक 16.11.2025 से 21.11.2025 तक किसी भी कार्य दिवस में सुबह 10.00 बजे से अपराहन 02.00 बजे तक ग्राम पंचायत लखनापुर से निविदा प्रपत्र निशुल्क प्राप्त किए जा सकते है।

| क्रम संख्या | कार्य योजना | कार्य का नाम | प्राकलन की अनुमानित लागत | ग्राम पंचायत |
|---|---|---|---|---|
| 1. | पंचम राज्य वित्त/ 15वां वित्त केंद्रीय वित्त आयोग | प्राथमिक विद्यालय लखनानपुर व प्राथमिक विद्यालय गपकापुर हेतु स्टडी खेल अधिष्ठापन कार्य | 180500 | लखनापुर |
| 2 | पंचम राज्य वित्त / 15वां केंद्रीय वित्त आयोग | सामुदायिक शौचालय लखनापुर में मरम्मत कार्य | 187340 (मटेरियल) | लखनापुर |

1- नियम एवं शर्तो की पूर्ण जानकारी कार्यालय से टेंडर क्रय के समय प्राप्त कर लें पूर्ण संतुष्ट होने पर ही टेंडर लें।
2- जमानत राशि की एफडी प्रथक प्रथक तैयार करनी होगी तथा अपूर्ण टेंडर कदापि मान्य नहीं होंगे।

**पंचायत सचिव** **ग्राम प्रधान**

**ग्राम पंचायत लखनापुर, विकास खण्ड-भाग्यनगर, जनपद-औरैया**

**न्यायालय मध्यस्थ/ अपर आवास आयुक्त/ अपर निबन्धक**
**उ.प्र. आवास एवं विकास परिषद, 104, महात्मा गांधी मार्ग-लखनऊ**

**-: सूचना :-**

**1- श्री रामबाबू यादव, निवासी-57, ओ ब्लाक, यशोदा नगर कानपुर**
**2- श्री ए.के. यादव पुत्र श्री रामशंकर यादव,निवासी : म.नं.-57 ओ ब्लाक, यशोदा नगर, कानपुर।**

अधोहस्ताक्षरी के समक्ष कृष्णा सहकारी आवास समिति लि., कानपुर द्वारा आपके विरुद्ध मध्यस्थ वाद संख्या-45 ई/ 2025, योजित किया गया है। उक्त वाद की नियत विगत सुनवाई तिथियों में आप उपस्थित नहीं हुए हैं। अतः इस विज्ञप्ति के माध्यम से आपको एक और अवसर प्रदान करते हुए सूचित किया जाता है कि उक्त वाद की नियत अन्तिम सुनवाई दिनांक 21.11.2025 को पूर्वान्ह 11.30 बजे अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय कक्ष में उपस्थित होकर अपना पक्ष साक्ष्यों सहित प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। यदि आप द्वारा उक्त सुनवाई तिथि पर उपस्थित होकर पक्ष प्रस्तुत नहीं किया जाता है तो गुण दोष के आधार पर निर्णय दे दिया जायेगा।

**(विनय कुमार मिश्रा)-मध्यस्थ/ अपर आवास आयुक्त/ अपर निबन्धक**

### शिविर में 21 लोगों ने किया रक्तदान

**कानपुर।** बाल दिवस के उपलक्ष्य में शनिवार को संकल्प सेवा समिति ने आरएस एजुकेशन सेंटर बर्रा दो मे रक्तदान शिविर आयोजित किया। शिविर में शिक्षक शिक्षिकाओं समेत 21 लोगों ने रक्तदान किया। शिविर मे तान्या वर्मा, रानू विश्वकर्मा, तेजस्वी पांडेय, राजीव, रोहित शुक्ला, आलोक समेत 21 लोगों ने रक्तदान किया। विद्यालय के चेयरमैन वीके मिश्रा व निदेशक अनिकेत मिश्रा ने रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र दिए। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष संतोष सिंह चौहान, अभिषेक चौहान, प्राची मिश्रा, राजवेंद्र सचान, योगेंद्र चौहान मौजूद थे।



बाल दिवस पर शिविर में रक्तदान करते लोग।

### संपूर्ण समाधान दिवस में आई 119 शिकायतें, पांच निस्तारित

**घाटमपुर।** स्थानीय तहसील कार्यालय सभागार में माह का दूसरा संपूर्ण समाधान दिवस उप जिलाधिकारी घाटमपुर अबिचल प्रताप सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुआ, इस मौके पर राजस्व विभाग की 46 पुलिस विभाग की 32 विकास विभाग की 12 नगर पालिका विद्युत विभाग आपूर्ति विभाग की पांच-पांच तथा लोक निर्माण विभाग नलकूप विभाग समाज कल्याण विभाग जल निगम उप निबंधक नगर पालिका बैंक चकबंदी शिक्षा विभाग आदि की कुल 119 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें पांच शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।

**श्रीवत्सा फाइनेंस एण्ड लीजिंग लिमिटेड**

पंजी. कार्यालयः कमरा नं. 559, तीसरा माला, पदम टावर–1 , 14/113, सिविल लाइन्स, कानपुर, उत्तर प्रदेश–208001
सीआईएन : एल45201यूपी1986पीएलसी008364, फोन : 7991608992
ई–मेल : investors.svfl@rediffmail.com वेबसाइट : Website: www.svfl.co.in

**30 सितंबर, 2025 को समाप्त तिमाही एवं छमाही हेतु अलेखापरीक्षित वित्तीण परिणामों का संक्षिप्त विवरण**

(रु. लाख में)

| क्र सं. | विवरण | तिमाही समाप्त | | | छमाही वर्ष समाप्त | | वर्ष समाप्त |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 30.09.2025 (अलेखापरीक्षित) | 30.06.2025 (अलेखापरीक्षित) | 30.09.2024 (अलेखापरीक्षित) | 30.09.2025 (अलेखापरीक्षित) | 30.09.2024 (अलेखापरीक्षित) | 31.03.2025 (लेखापरीक्षित) |
| 1 | परिचालन से कुल आय (शुद्ध) | 24.01 | 23.75 | 24.02 | 47.76 | 46.97 | 93.25 |
| 2 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/ हानि (कर / असाधारण मदों से पूर्व) | 13.56 | 10.61 | 14.39 | 24.17 | 25.57 | 54.71 |
| 3 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ /हानि कर से पूर्व (असाधारण मदों के पश्चात) | 13.56 | 10.61 | 14.39 | 24.17 | 25.57 | 54.71 |
| 4 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/हानि कर के पश्चात (असाधारण मदों के पश्चात) | 13.56 | 10.61 | 14.39 | 24.17 | 25.57 | 45.13 |
| 5 | अवधि हेतु समावेशी आय (जिसमे अवधि हेतु लाभ/हानि ) (कर पश्चात) अन्य समावेशी आय (कर पश्चात) समलित है | 13.56 | 10.61 | 14.39 | 24.17 | 25.57 | 45.13 |
| 6 | प्रत्येक इक्विटी शेयर पूंजी (प्रत्येक का अंकित मूल्य रु. 10/–) | 1,009.50 | 1,009.50 | 1,009.50 | 1,009.50 | 1,009.50 | 1,009.50 |
| 7 | संचेय (शेष राशि के अनुसार पुनर्मूल्यांकन रिजर्व को छोड़कर पिछले लेखा वर्ष की शीट) | - | - | - | - | - | 1264.97 |
| 8 | प्रति शेयर आय (असाधारण मदों से पूर्व) | | | | | | |
| | मूल | 0.14 | 0.11 | 0.15 | 0.24 | 0.26 | 0.45 |
| | तनुकृत | 0.14 | 0.11 | 0.15 | 0.24 | 0.26 | 0.45 |

**नोटस :-**

1. उपरोक्त सेबी (सूचीकरण दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंजों के साथ दायर तिमाही और छमाही वर्ष के अंत में अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक उद्धरण है। अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट www.bseindia.com और हमारी वेबसाइट www.svfl.co.in के (निवेशक संबंध) अनुभाग पर उपलब्ध है।
2. उपरोक्त अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणाम भारतीय लेखा मानकों में निर्धारित सिद्धांतों के अनुसार तैयार किए गए हैं।
3. उपरोक्त वित्तीय परिणामों की समीक्षा लेखापरीक्षित समिति द्वारा की गई है और 14 नवंबर, 2025 को आयोजित उनकी बैठक में कंपनी के निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित की गई है।
4. हमारी कंपनी पंजीकृत गैर–बैंकिंग वित्तीय कंपनी (NBFC) है, उपरोक्त उद्धरण उस पर लागू प्रावधानों के अनुसार है।

स्थान : कानपुर
तिथि : 14.11.2025

वास्ते - श्रीवत्सा फाइनेंस एण्ड लीजिंग लिमिटेड
हस्ता/–
अनिल कुमार शर्मा
(प्रबंध निदेशक)
डीआईएनः 02463893

**EMA INDIA LIMITED**
CIN : L27201UP1971PLC003408
Registered Office: 502, GOPALA CHAMBERS,14/123 PARADE, KANPUR - 208001, Website: www.eiltd.info, E-mail: emaindia.cs@gmail.com

**UNAUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND HALF YEAR ENDED 30TH SEPTEMBER, 2025**

(Rs. in Lakhs, except per share data)

| Particulars | 3 months ended | Preceding 3 months ended | Corresponding 3 months ended in the previous year | Year to date figures for current period ended | Year to date figures for the previous year ended | Previous year ended |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 30.09.2025 | 30.06.2025 | 30.09.2024 | 30.09.2025 | 30.09.2024 | 31.03.2025 |
| Refer notes below | (Unaudited) | (Unaudited) | (Unaudited) | (Unaudited) | (Unaudited) | (Audited) |
| Revenue from Operations | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| Other Income | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.04 | 0.04 |
| Total income | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.04 | 0.04 |
| Expenses: | | | | | | |
| a) Cost of Materials consumed | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| b) Purchase of stock-in-trade | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| c) Changes in inventories of finished goods, work-in-progress and stock-in-trade | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 4.34 |
| d) Employee benefits expense | 6.29 | 4.58 | 5.60 | 10.87 | 11.84 | 23.88 |
| e) Finance Costs | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| f) Depreciation and amortization expense | 0.00 | 0.00 | 1.47 | 0.00 | 2.94 | 5.78 |
| g) Other expenses | 7.24 | 6.95 | 3.83 | 14.19 | 10.66 | 30.02 |
| Total Expenses | 13.53 | 11.53 | 10.90 | 25.06 | 25.44 | 64.02 |
| Profit / (Loss) before exceptional items and tax | (13.53) | (11.53) | (10.86) | (25.06) | (25.40) | (63.98) |
| Exceptional Items | 793.27 | 0.00 | 0.00 | 793.27 | 0.00 | 2.21 |
| Profit / (Loss) before tax | 779.74 | (11.53) | (10.86) | 768.21 | (25.40) | (61.77) |
| Tax Expense | | | | | | |
| Current Tax | 90.00 | 0.00 | 0.00 | 90.00 | 0.00 | 0.00 |
| Deferred Tax | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| Profit / (Loss) for the period from continuing operations | 689.74 | (11.53) | (10.86) | 678.21 | (25.40) | (61.77) |
| Profit / (Loss) from discontinued operations | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| Tax Expense of discontinued operations | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| Profit / Loss from discontinued operations (After Tax) | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| Profit / (Loss) for the period | 689.74 | (11.53) | (10.86) | 678.21 | (25.40) | (61.77) |
| Other Comprehensive income | | | | | | |
| (A) (i) Items that will not be reclassified to profit or loss | 6.54 | 1.09 | 0.00 | 7.63 | 0.00 | 0.00 |
| (ii) Income tax relating to items that will not be reclassified to profit or loss | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| Total comprehensive income for the period (Comprising Profit (Loss) and Other Comprehensive Income for the period) | 696.28 | (10.44) | (10.86) | 685.84 | (25.40) | (61.77) |
| Paid-up equity share capital (Face Value of Rs. 10/- per share) | 100.50 | 100.50 | 100.50 | 100.50 | 100.50 | 100.50 |
| Reserves excluding revaluation reserves | | | | | | 174.70 |
| Earnings Per Equity Share (for continuing operation): | | | | | | |
| a) Basic | 69.28 | (1.04) | (1.08) | 68.24 | (2.53) | (6.15) |
| b) Diluted | 69.28 | (1.04) | (1.08) | 68.24 | (2.53) | (6.15) |
| Earnings per equity share (for discontinued & continuing operations) | | | | | | |
| a) Basic | 69.28 | (1.04) | (1.08) | 68.24 | (2.53) | (6.15) |
| b) Diluted | 69.28 | (1.04) | (1.08) | 68.24 | (2.53) | (6.15) |

**Note- 1.** The above financial results and the Statement of Assets and Liabilities and cash flow statement were reviewed and approved by the Board of Directors at its meeting held on . The Statutory auditor of the Company have conducted limited review of these financial Results, pursuant to regulation 33 of Securites and exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. **2.** These financial results of the Company have been prepared in accordance with the Indian Accounting Standards (Ind AS) as notified by the Ministry of Corporate Affairs pursuant to Section 133 of the Companies Act, 2013 read with relevant rules thereunder and the other accounting principles generally accepted in India. **3.** Figures for the quarter and half year ended 30th September, 2024 have been regrouped/reclassified to confirm to the current quarter and year ended figures, wherever necessary. **4.** Having no business in hand at present as well as continuous losses in the company coupled with negative net worth , the management has determined that the Company has ceased to be a going concern as on 31.12.2023. Accordingly,all assets below market value have been impaired to keep on realisable value as determined by the management..Current year losses shall be met out of unsecured loans given by the Directors. **5. EXCEPTIONAL ITEM** During the period under review, the Company sold its entire land and building situated at Udyog nagar, kanpur, for a total consideration of Rs 8.00 crore. The carrying amount of the said land and building in the books of accounts was Rs 6.73 lacs. Accordingly, the Company has recognized a gain of Rs 793.27 lacs in the Statement of Profit and Loss.
The said transaction represents an one-time, non-recurring event, not arising from the Company's ordinary course of operations. Considering its materiality, size, and exceptional nature, the gain has been disclosed as an "Exceptional Item" in accordance with the principles laid down under Ind AS 1 (Presentation of Financial Statements) and Point 7 of General Instructions to Schedule III (Division II) to the Companies Act, 2013.
The above is an extract of the detailed format of Quarterly Financial Results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly Financial Results are available with the Bombay Stock Exchange and on the Company websites (www.eiltd.info) and can also be accessed by scanning the following Quick Response Code:

For & On Behalf of the Board
Sd/-
(Akshay Adhalrao)
(Director)